# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में दुनिया चखेगी लखनवी चिकन और बनारसी पान

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। यूपी इंटरनेशल ट्रेड शो के तीसरे संस्करण में इस बार देसी-विदेशी मेहमान प्रदेश के शिल्प व संस्कृति से रूबरू होने के साथ ही स्थानीय खानपान का स्वाद भी ले सकेंगे। इसके लिए शो में गेट नंबर 3 से लेकर हॉल नंबर 7 तक प्रदेश के हर कोने के व्यजंन के 25 स्टॉल लगाए जाएंगे। इसमें बनारसी पान, मुरादाबादी दाल, लखनऊ के चिकन-मटन, मथुरा के पेड़े आदि के स्टॉल शामिल हैं। ट्रेड शो का आयोजन ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक होगा।

ट्रेड शो में फूड एंड बेवरेज

## 25 आकर्षक फूड स्टॉल्स के साथ देसी और विदेशी खरीदारों को मिलेगा अनुभव

सेक्शन के लिए खासतौर पर 3X3 वर्ग मीटर आकार के 25 ऑक्टोनॉम स्टॉल्स बनाए जा रहे हैं। यह सेक्शन सिर्फ खानपान तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि यह यूपी के फूड ब्रांड्स और एमएसएमई उद्यमियों को राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का माध्यम भी बनेगा।

इतना ही नहीं, यूपीआईटीएस-2025 में आने वाले विदेशी खरीदारों के लिए यह सेक्शन किसी फूड फेस्टिवल से कम नहीं होगा। इससे गैस्ट्रोनॉमी टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा।





प्रदेश की रसोई का रंग दिखेगा

**अवध का स्वाद** : लखनऊ की मटन-चिकन जुगलबंदी के साथ-साथ अवध के उरद के फर्रे, निमोना-भात, बाजरे की रबड़ी और गुलाब खीर खास पकवान होंगे।

**बनारस का स्वाद** : बनारसी पान (वर्क वाला, मीठा, चॉकलेट, सादाबाद का और फायर पान) खास आकर्षण होगा। साथ ही दही-जलेबी, दही-इमरती और बनारसी लस्सी आगंतुकों को लुभाएगी।

**जौनपुर का स्वाद** : यहां की देसी रसोई का जायका मिलेगा।

**नोएडा का स्वाद** : यहां स्पेशल गोजरी थाली परोसी जाएगी।

**मुरादाबाद का स्वाद** : ट्रेड शो में आने वाले लोग मशहूर मुरादाबादी दाल और बिस्कुट रोटी का जायका लेंगे। इसके साथ मुरादाबादी चिकन कॉर्नर भी अलग पहचान बनाएगा।

**मथुरा का स्वाद** : यहां मालपुआ और मथुरा का पेठा आगंतुकों को आकर्षित करेंगे।

**आगरा का स्वाद** : दुनिया भर में चर्चित पंछी पेठा (अंगूरी, केसर और ड्राई फ्रूट) मिलेगा। साथ ही में छोले-भटूरे और मटर-कुल्चे भी परोसे जाएंगे।

**मोदीनगर का स्वाद** : मशहूर जैन शिकंजी विशेष पेशकश होगी।

**अलीगढ़ का स्वाद** : पराठों की विभिन्न श्रेणियां लोगों को खूब पसंद आएंगी।

**खुर्जा का स्वाद** : खुरचन और आलू टिक्की लोगों का मन मोह लेंगी।